# 31/08/21 HINDI MCQ TEST -2 DUR-40

MARKS 40

## SECTION A ( 20 Marks )

Q1 गद्यांश के नीचे दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों मैं सही विकल्प का चयन करें- 10

मुगल वंश के प्रसिद्ध बादशाह अकबर एक दिन शिकार खेलते हुए जंगल में भटक गए। शाम हो रही थी, अत: वह घोड़े को एक पेड़ से बाँधकर नमाज़ पढ़ने बैठ गए। बादशाह अकबर ने नमाज़ पढ़ना आरंभ ही किया था कि एक औरत उनसे टकराती हुई उनके पास से निकल गई बादशाह का ध्यान भंग हो गया। आँखें खोलकर देखा, एक बदहवास औरत तेजी से भागी चली जा रही थी। उसका धक्का खाकर बादशाह अकबर को बहुत बुरा लगा। उन्होंने जल्दी-जल्दी नमाज़ पढ़ी और फिर घोड़े पर सवार होकर उस औरत के पीछे भागे।

भागती हुई औरत को उन्होंने शीघ्र ही जा पकड़ा और कहा, "बदतमीज़! तूने मुझे धक्का क्यों दिया ?"

वह औरत बादशाह अकबर की बात सुनकर हैरान हुई। उसने पूछा, "कौन हैं आप ? कैसा धक्का ? कब लगा? कहाँ थे आप?"

यह सुनकर बादशाह अकबर उत्तेजित हो गए। उस औरत की यह गुस्ताखी उन्हें अच्छी नहीं लगी। उन्हें अपने सम्राट होने का अहसास था, इसलिए आँखें लाल करके बोले- "अरी गुस्ताख ! मैं नमाज़ पढ़ रहा था, तू पास से भागती हुई आई और धक्का देकर निकल गई। तूने मेरी नमाज़ में खलल (विघ्न) डाल दिया।"

औरत ने घबराए बिना सहज स्वभाव में कहा, "इस बारे में मुझे कुछ नहीं मालूम। मैंने आपको नहीं देखा। हो सकता है, भागते हुए मेरा धक्का आपको लग गया हो, मगर आपका धक्का तो मुझे नहीं लगा। धक्के का लगना और उसका अनुभव दोनों ओर से होता है, एक तरफ से तो नहीं होता। आपको मेरा धक्का लगा, मगर मुझे तो पता नहीं चला।"

बादशाह अकबर और भी अधिक क्रोधित होकर बोले, "तो क्या मैं झूठ बोल रहा हूँ ? नमाज पढ़ते हुए धक्का दे गई और अब ऊपर से बदज़बानी और मुँहजोरी करती है।"

वह औरत हँसती हुई बोली, "मुझे क्या पड़ी है, आपको धक्का देने की। मैं तो अपने प्रिय पुत्र से मिलने जा रही हैं, जो समुद्री यात्रा से लौटा है। पुत्र से मिलने के विचार से, पुत्र- प्रेम में अपना आपा खोकर हो सकता है मैं आपसे टकरा गई हूँगी, मगर ताज्जुब तो इस बात का है कि आप दुनिया के मालिक, सबसे बड़े प्रेमी के ध्यान में कैसे कच्चे ढंग से बैठे थे कि आपको मेरे धक्के का पता लग गया, जबकि मैं अपने प्रिय पुत्र के ध्यान में, उसके प्रेम में किसी भी धक्के को न जान सकी।"

वह प्रेम ही क्या जो संसार की अनेकरूपता को मिटाकर प्रेम-पात्र के प्रति समानता न स्थापित कर सके। लंबे समय के बाद पुत्र से मिलने की प्रेम-भावना ने माँ के सामने पुत्र के अतिरिक्त सब कुछ ओझल कर दिया था। उस समय वह बड़े-छोटे, बादशाह या प्रजा सभी भेदों को मिटा चुकी थी।

अकबर के लिए यह आँखें खोलने वाली घटना थी। वह अल्लाह की इबादत करते हुए भी, उसके प्रति प्रेम-भाव प्रकट करते हुए भी एकाग्र न हो सका था।

वास्तव में सब कुछ छोड़कर केवल ईश्वर को पाने की इच्छा जगाना ही उसके प्रति सच्ची भक्ति होती है, सच्चा प्रेम होता है। अपने अहं से मुक्ति पाए बिना व्यक्ति परमात्मा से एकरूपता स्थापित नहीं कर सकता, परमात्मा को नहीं पा सकता। जिस व्यक्ति के हृदय में प्रेम-भाव उत्पन्न नहीं होता, वह जीवित होते हुए भी मृत के समान है। प्रेम परायों को भी अपना बनाता है, जबकि घृणा और अभिमान मनुष्य को मनुष्य से दूर करता है।

**बहुविकल्पीय उत्तर वाले प्रश्न**

१ अकबर ने घोडे को पेड से क्यों बांध दिया- १

a औरत को देखकर b विश्राम के लिए c नमाज के लिए d शिकार के लिए

2 अकबर का ध्यान क्यों भंग़ हो गया- १

a औरत के टकराने से b. औरत के भागते देखकर c औरत की बदतमीजी से d. व और दोऩों सही हैं

3 बदहवास का अर्थ है १

a भय b. बौखलाया c बेखबर d . बड़बडाना

4. औरत हैरान क्यों हुई- १

a. अकबर को देखकर b. नमाज में विघ्न डालकर c अकबर की डाँट से d . अकबर की बातें सुनकर

5. महिला तेजी से क्यों भागी जा रही थी- १

a. घर जाने की जल्दीबाजी थी b. पति विदेश से लौटकर आ रहे थे c. पुत्र से मित्तने केलिए d. काम पर जाने की देरी से

6. क्या संसार की एकरूपता मिटा देता है - १

a.अपनापन b. प्रेम c. एकता d. दयाभाव

7. किसकी मुक्ति पाए बिना ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं है - १

a. ईर्ष्या b. क्रोध c. अहंकार d. जलन

8. गद्योंश से हमें क्या शिक्षा मिलती है- १

a. जिसके हृदय में प्रेम नहीं , मृतक समान है

b. फ्रेम में अपनापन की भावना

c. प्रेम मानव को दूसरों से घृणा करने से दूर करता है

d. उपर्युक्त सभी कथन सही हैं

9. बदज़बानी और मुँहजोरी का सही अर्थ है- १

a. बुरे शब्द कहना और लड़ाका होना

b. बेइज्जती करना और लडना c नीचता तथा गुस्से में मुँह फेरऩा

d. अपशब्द कहना तथा चिल्लाना

10. उद्योग का उचित शीर्षक होगा- १

a. बादशाह अकबर का न्याय b. अकबर की सीख

c. ईश्वर भक्ति d. अभिमानी बादशाह

Question 2 १0

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार बताए :-

११ रास्ता शब्द का वचन बदले - १

a रास्तें b- रास्तों c. रास्ते d रास्ताएँ

12 सड़क का सही लिंग है १

a स्त्रीलिंग b. पुल्लिंग C. नपुंसक लिंग d उभयलिंगी

13 पाषाण का तद्भव है- १

a. पाहुन b.प्रस्तर c. पाखन d . पाहन

14 आगामी का विलोम है-

a निरागामी b. विगत c. अनागामी d. अतीत

15. धर्म के विरुद्ध कार्य करने वाले पापी होते हैं- सही वाक्य हैं- १

a विधर्मी पापी होते हैं।

b. नास्तिक पापी होते हैं।

c धर्महीन पापी होते हैं।

d सभी सही हैं।

16 कमर टूटना मुहावरे का सही अर्थ है १

a बहुत थक जाना b. हार जाना c.करीबी की मृत्यु

d. निराश होना

17 लक्ष्मी का पर्यायवाची है १

a चपला, चंचला b कमला, चंचला c कमला, चपला

d सभी सही हैं

18 परिवर्तन का सही विशेषण शब्द नहीं है - १

a.परिवर्तित b. परिवर्तनशील c, परिवर्तनकारी d परिवर्तनीय

19 शुद्ध शब्द चुनिए-

a- सक्रिय b. सक्रीय c प्रतित d. प्रतीत

सही विकल्प चुनिए- 1. b,c 2. b,d 3. a,d 4. a,c

20 वाक्यांश के लिए एक शब्द - १

विश्वास करने योग्य

a विश्वासु b. विश्वसानिय c विश्वासपात्र d विश्वस्त

## SECTION B ( 20 Marks )

## (Sahitya sagar - short stories )

Question 3

एक बार जब कौतूहल् दुर्दमनीय हो गया तो पान वाले से पूछ लिया, क्यों भई ! क्या बात है ? तुम्हारे नेता जी का चश्मा हर बार बदल कैसे जाता है ? (5)

1 कौतूहल दुर्दमनीय क्यों हो गय़ा

a कैप्टन को देखकर b बिना चश्में की मूर्ति देखकर c मूर्ति पर अलग-अलग चश्में देखक़र d सभी सही हैं

2.नेताजी का चश्मा कहानी किसके बारे में है-

a. प्रतिमा के बारे में b. प्रतिमा के छोटे हिस्से के बारे में c नेता जी के बारे में d कस्बे के बारे में

3. मूर्ति बनाकर पटक देने का सही अर्थ है

a मूर्ति तोड़ देना b.एक महीने में बना देवा c वादा करना d जल्द बना देना

4. किस के चेहरे पर क्यों कौतुक भारी मुस्कान फैल गई

a हालदार साहब जब मूर्ति देखते हैं b. हालदार साहब जब बिना चश्में की मूर्ति देखते हैं c हालदार साहब मूर्ति पर असली चश्मा देखते हैं di सभी गलत

5. दुर्दमनीय का अर्थ है-

a. दबाने योग्य b. दबाना कठिन हो c दबाना दुष्कर हो d दबाना दुर्बोध हो

Question 4 5

अब सारी बात हलवाई के सामने ही कहना

I हलवाई के सामने क्यों ले जाऩे की बात कही जा रही है -

a सच-झूठ का सामने लाने के लिए b. अठन्नी की चोरी पकड़वाने के लिए

c मिठाई त्लेने के लिए d झूठ पकड़ने के लिए

2. रसीला का रंग क्यों उड ग़ए -

a भयवश b. चोरी पकड़ी गई c मिठाई कम होने के कारण d पिटाई के भय से

3. रसीला अपना अपराध क्यों स्वीकार कर लिय़ा

a- उसने चोरी की थी b- पहला अपराध था c झूठ बोलने का साहस न था

d एक और अपराध करने का साहस न था

4. शेख साहब न्यायप्रिय व्यक्ति थे- का आशय है-

a शेख साहब का न्याय निष्पक्ष b. शेख साहब की न्याय पर व्यंग्य

o शेख साहब के न्याय की प्रशंसा d न्याय व्यवस्था पर तंज

5. रमजान ने रसीला की मदद कैसे की

a पैसे देकर b. 5 रुपए देकर c संवेदना के साथ d कुछ देकर

.

.

.

.

एकांकी संचय

Question 5 5

"बड़ी-बड़ी काली आँखें; उनमें शैशव की भोली मुस्कराहट, अनजान में ही लज्जा से गाल हुए कपोलों पर रहने वाली हँसी..."

संस्कार और भावना

१. प्रस्तुत कथन का वक्ता और श्रोता कौन है?
क) आविनाश – अविनाश की पत्नी
ख) उमा – उमा की सास
ग) उमा - अतुल
घ) माँ - उमा

२. शैशव और कपोल शब्द का क्या अर्थ है?
क) किशोर - मस्तक
ख) युवा - गाल
ग) शिशु - गाल
घ) युवती - मस्तक

३. किसकी आँखें बड़ी-बड़ी और काली हैं?
क) उमा
ख) माँ
ग) बड़ी बहू
घ) अविनाश

४. उमा अविनाश की बहू से कब मिली थी?
क) एक दिन जब अविनाश की तबीयत खराब थी
ख) एक दिन जब माँ की तबीयत खराब थी
ग) एक दिन अतुल के साथ मिलने गई थी
घ) एक दिन जब माँ अविनाश की पत्नी से बहुत दुखी थी

५. अविनाश की पत्नी की चारित्रिक विशेषताएँ क्या-क्या हैं?
(i) सुंदर (ii) कठोर हृदय (iii) स्नेही स्वभाव (iv) पतिव्रता स्त्री

क) (i) , (ii) & (iii)
ख) (ii), (iii) & (iv)
ग) (i), (iii) & (iv)
घ) (i), (ii) & (iv)

Question 6 5

**"किस लड़की की यह कामना नहीं होगी, भैया? लेकिन...उस लामना की पूर्ति के लिए इतनी बड़ी कीमत चुकाना कहाँ तक ठीक है ?"**

**बहू की विदा**

१. बहू की विदा के लेखक कौन हैं?

क) विष्णु प्रभाकर
ख) विनोद रस्तोगी
ग) हरिकृष्ण प्रेमी
घ) उपेंद्रनाथ अश्क

२. हर लड़की की क्या कामना होती है?

क) होली अपने मायके में मनाना
ख) दिवाली अपने मायके में मनाना
ग) सावन अपनी सहेलियों के साथ मायके में मनाना
घ) राखी अपने मायके में मनाना

३. कमला की कामना पूर्ति के लिए प्रमोद कौन सी बड़ी कीमत चुकाएगा।

क) बैंक से कर्ज़ लेना
ख) माँ के गहने बेचकर
ग) पुराना मकान बेचकर
घ) बड़ी कीमत चुकाने में असमर्थ

४. कमला की बहन का नाम क्या है ?

क) श्यामला
ख) बिमला
ग) श्यामा
घ) विमला

५. प्रमोद की चारित्रिक विशेषताएँ क्या है?

क) अत्यंत कठोर स्वभाव का
ख) बहन से बहुत स्नेह करना
ग) बड़ों का असम्मान करना
घ) लालची और कंजूस

Best of Luck